2. जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश को आबंटित संसाधन इस प्रकार है :—

वर्ष	आबंटित धनराशि (लाख रु० में) (केन्द्रीय+राज्य क्षेत्र)
1992–93	31473.50
1993–94	31197.24
1994–95	34339.59

SC/ST Population living in Rural areas

6718. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: SHRI NILOTPAL BASU:

Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) the percentage of SC/ST popu lation living in the rural areas with Ihe State-wise breakup from 1981 to 1991;

(b) the percentage of SC/ST population with respect of overall population living- in rural areas with state-wise breakup from 1981-1991;

(c) how much land as percentage to total cultivable land belongs to the SC/ST population with State-wise breakup from 1981-1991; and

(d) the percentage of national income that accrue^ to the SC|ST popu. lation with satewise break up during the period?

THE MINISTER OF WELFARE (SWR'I SITARAM KESRI): (a) A statement showing percentage of Scheduled Castes and Scheduled Tribe population in rural areas as per 1991" census is given at Annexure. Another statement showing their percentage of population in the rural as per 1991 census is given at Annexure. *[See* Appendix 173 Annexure No. 138 and 139]

(b) A statement showing the percentage of SC/ST population with respect to overall populaion living in rural areas is given at Annexure. *[See* Appendix 173 Annexure No. 140]

(c) A statement as per Agricultural Census 1980-81 is given at Annexure. Information for 1991 Census is being compiled. *[See* Appendix 173 Anne xure No. 141]

(d) As per Ministry of Planning (Dept. of Statistics), no National income estimates are prepared for SC| ST classes.

गैर-सरकारी संगठनों द्वारा धनराशि का दुरूपयोग

6719. श्री मूलचन्द मीणा : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे

(क) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में गैर-सरकारी संगठनों द्वारा वित्तीय अनियमितताओं धन के दुर्विनियोग के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौर क्या हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा इन संगठनों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) :

(क) से (ग) कल्याण मंत्रालय से सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले गैर सरकारी संगठनों के विरुद्ध पिछले तीन वर्षों के दौरान निधियों के दुरुपयोग के संबंध में प्राप्त शिकायतों के ब्यौरे और उन पर की गई कार्रवाई

क्र.सं०	संगठन का नाम	वर्ष	की गई कार्रवाई
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद् पश्चिम बंगाल शाखा, कलकत्ता	1992–93	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा जांच की गई और शिकायत गलत पाई गई।
2.	हरिजन आदिवासी महिला सेवा संस्थान बनमाली, पूर्णिया, बिहार	1992–93	अनुदान रोक दिया गया है।
3.	बापूजी अंगविकलांग सेवा संस्थान चित्रदुर्ग, कर्नाटक	1992–93	अनुदान रोक दिया गया है।
4.	प्रमोद वन आनन्द धाम , चित्रकोट, सतना, मध्य प्रदेश	1992–93	संगठन के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। राज्य सरकार ने संगठन की जांच की और अनुदान निर्मुक्त करने की सिफारिश की। राज्य सरकार की अनुकूल टिप्पणी के आधार पर आगे 1994–95 के दौरान अनुदान चालू किया गया।
5.	श्री मुख्तियार सिंह स्मृति शिक्षा समिति, पूठकलां, दिल्ली	1993–94	मंत्रालय द्वारा जांच की गई और शिकायत को कुछ हद तक सही पाया गया साथ ही गैर सरकारी संगठनों से कहा गया कि वे अनियमितताओं को ठीक करें।

1	2	3	4
6.	बांकुरा यूनिट अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद्	1993–94	शिकायत की जांच राष्ट्रीय अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति आयोग, कलकत्ता के निदेशक द्वारा कराई गई। अन्वेषण अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में दुरविनियोजन संबंधी किसी मामले का विशेष उल्लेख नहीं, किया। तथापि, रिपोर्ट में यह उल्लिखित था कि 6,31670 रुपए कीअनुमोदित धनराशि में से स्कूल भवन के निर्माण पर केवल 3,37,623 रुपए व्यय किए गए। संगठन ने यह स्पष्ट किया है कि भवन का निर्माण पूरी तरह हो चुका है और इसकी धनराशि का भी पूरा उपयोग किया जा चुका है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति आयोग कलकत्ता के निदेशक से संगठन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण को मद्देनजर रखते हुए नए सिरे से जांच करने का अनुरोध पुनः किया है। आगे अनुदान नहीं दिया गया है।
7.	अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद्, नई दिल्ली (शाखा यूनिट, गुजरात)	1993–94	संगठन की जांच की गई और जांच रिपोर्ट का एक संक्षिप्त विवरण उन्हें दिया गया। उनसे प्राप्त उत्तर की जांच की गई। संगठन द्वारा दिए गए उत्तर के आधार पर राज्य सरकार से एक अन्वेषण कार्य पुनः किए जाने का अनुरोध किया गया। साथ ही उनसे रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा गया। संगठन को पुनः अनुदान की निर्मुक्ति नहीं की गई। तथापि, इसी बीच राज्य सरकार की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और परीक्षणाधीन है।
10.	के. वेसायुद्धन मैमोरियल ट्रस्ट, शेरटैली, केरल	1993–94	संगठन के विरोध में शिकायत की जांच केरल राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। संगठन को पुनः अनुदान पर रोक लगा दी गई है।

1	2	3	4
11.	वीर अर्जुन युवक विकास मंडल, नागपुर, महाराष्ट्र	1993–94	संगठन के विरुद्ध शिकायत की जांच राज्य सरकार द्वारा की जा रही है।
12.	ईश्वर शरण आश्रम, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश	1994–95	उत्तर प्रदेश सरकार से जांच कराने का अनुरोध किया गया है क्योंकि शिकायत का अधिकांश भाग राज्य सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से संबंधित है।
13.	प्रकाशन जिला बालहीन वर्गला कालौनी बराला सेवा संस्थान प्रकाशन, आन्ध्र प्रदेश	1994–95	इस मंत्रालय द्वारा जांच की गई और आरोप असत्य पाया गया।
14.	मुक्ति संग्राम संघ, दिल्ली	1994–95	संगठन से कहा गया है कि वह प्रशिक्षार्थियों को छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण सामग्री के भुगतान में अनियमितताओं को दूर करें।
15.	सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, हरदोई, उत्तर प्रदेश	1994–95	शिकायती ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। तथापि, हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट से मामले की जांच करने का का अनुरोध किया गया है।
16.	शोषण उन्मूलन परिषद्, दिल्ली	1994–95	गैर सरकारी संगठन द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण परीक्षणाधीन है।
17.	समाज सेवा संघ, दिल्ली	1994–95	यह मामला जांच के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को भेजा जा रहा है।
18.	पीपल्स आर्गेनाइजेशन फार वैलफेयर रुरल डेवलपमेंट, डेनकनाल, उड़ीसा	1994–95	राज्य सरकार की रिपोर्ट में निधियों का संदिग्ध दुर्विनियोजन देखा गया। राज्य सरकार द्वारा आगे पूछताछ की जा रही है। जब तक आगे रिपोर्ट प्राप्त हो, संगठन को अनुदानों की निर्मुक्ति रोक दी गई है।

1	2	3	4
19.	स्वराज्य तपेश्वर राम कल्याण समिति, मऊ, उत्तर प्रदेश	1994–95	प्राप्त शिकायत का प्रेक्षण किया जा रहा है।
20.	पीपल्स आर्गेनाइजेशन फार वैलफेयर इम्पलाइमेंट एन्ड रूरल डेवलपमेंन्ट , भुवनेश्वर, उड़ीसा	1994–95	संगठन के विरुद्ध लगाए गए अभियोगों के संबंध में मामला संख्या 20, दिनांक, 16–2–1995, यू० / एस० 468/ 406 / 477-ए / 34 आई०ओ०सी०, उड़ीसा स्थित कामाख्या नगर स्थित पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। राज्य सरकार के अनुरोध के अनुसार आगे अनुदानों की निर्मुक्ति नहीं की गई है।
21.	ब्रिज लाल निकेतन भरतपुर, राजस्थान	1994–95	संगठन के विरुद्ध आरोप की जांच इस मंत्रालय के एक अधिकारी द्वारा की गई और जांच रिपोर्ट के आधार पर संगठन को आग अनुदान रोक दिया गया है।
22.	मधु स्मृति महिला एवं बाल कल्याण उत्थान संस्थान, कोटा	1994–95	संगठन के विरुद्ध आरोप की जांच डिविजनल आयुक्त कोटा द्वारा की गई थी । विपरीत रिपोर्ट के आधार पर उक्त संगठन को अनुदान रोक दिया गया है और निर्मुक्त अनुदानों की वसूली की कार्यवाही शुरू की जा रही है।
23.	राष्ट्रीय शिक्षा प्रसार समिति, उदयपुर, राजस्थान	1994–95	राज्य सरकार से प्राप्त विपरीत रिपोर्ट के आधार पर इस संगठन को आगे अनुदान रोक दिए गए हैं।
24.	सर्वोदय सेवा केन्द्र, उदयपुर, राजस्थान	1994–95	--वही--
25.	मानव कल्याण सोसाइटी, जयपुर, राजस्थान	1994–95	--वही--

1	2	3	4
26.	सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, हरदोई, उत्तर प्रदेश	1994-95	उक्त संगठन के विरुद्ध आरोपों की जांच इस मंत्रालय के अधिकारी द्वारा की गई थी, जिसने यह पाया कि संगठन का कार्य-निष्पादन संतोषजनक है और निधियों का कोई दुरुपयोग नहीं हुआ है। तत्पश्चात् शिकायतकर्ता ने स्वयं सूचना दी कि उसने संगठन का कार्यकरण संतोषजनक पाया और यह कि उसे धनराशि निर्मुक्त की जानी चाहिए।
27.	ह्यूमन डेवलपमेंट एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूशन, पश्चिम बंगाल	1994-95	उक्त संगठन के विरुद्ध शिकायत संगठन के एक भूतपूर्व कर्मचारी से प्राप्त हुई। इस मामले की जांच पश्चिम बंगाल, सरकार कलकत्ता के समाज कल्याण निदेशक द्वारा कराई गई जिसने सूचना दी कि संगठन का कार्य-निष्पादन संतोषजनक था।